# वार्षिक परीक्षा – 2024

कक्षा – 11वीं  विषय – जीव विज्ञान

समय – 3 घण्टे  पूर्णांक – 80

---

निर्देश–1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। आवश्यकता अनुसार चित्र भी बनाइये।

1. प्रश्न कोंक 01 से 05 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक।
2. प्रश्न क्रमांक 06 से 10 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक।
3. प्रश्न क्रमांक 11 से 22 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक।
4. प्रश्न क्रमांक 23 दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। इस प्रश्न पर 04 अंक।
5. प्रश्न क्रमांक 24 से 26 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक।

---

प्रश्न 1. क्या आप वर्गिकी संवर्ग का सही कम पहचान सकते हैं?

(अ) जाति → गण → संघ → जगत

(ब) वंश → जाति → गण → जगत

(स) जाति → वंश → गण → संघ

प्रश्न 2. केंचुए के किन खण्डों में क्लाइटेलम पाया जाता है?

प्रश्न 3. शरीर में आयोडीन की कमी से कौ–सा रोग होता है?

प्रश्न 4. कीटभक्षी आवृत्तबीजी का नाम लिखिये।

प्रश्न 5. आमाशय में स्थित भोजन को क्या कहते हैं?

प्रश्न 6. व्यस्क मनुष्य का दंतसूत्र लिखिये।

प्रश्न 7. ऐसे फूल का सूत्र लिखिये जो त्रिज्या सममिति, उभयलिंगी, अधोजायांगी, 5 संयुक्त बाह्यदली, 5 मुक्तदली, 5 मुक्त पुंकेसरी, द्वियुक्ताण्डयी तथ उर्ध्ववर्ती अंडाशय हो?

प्रश्न 8. माइटोकाड्रिया को कोशिका का विद्युत गृह क्यों कहते हैं?

प्रश्न 9. जायलम और फ्लोएम को जटिल उत्तक क्यों कहते हैं?

प्रश्न 10. रसारोहण किसे कहते हैं? यह पौधे के किस भाग द्वारा होता है?

प्रश्न 11. तिलचट्टे की आहारनाल का केवल नामांकित चित्र बनाइये?

प्रश्न 12. विभिन्न प्रकार के पर्ण विन्यासों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

प्रश्न 13. पादप कोशिका और जन्तु कोशिका में तीन अंतर लिखिये।

प्रश्न 14. क्रसिंग ओवर (जीन विनिमय) के महत्व को समझाइये।

प्रश्न 15. *DNA* और *RNA* में कोई छः अंतर लिखिये।

प्रश्न 16. गुणसूत्र सूत्र बिन्दु क्या है? कैसे गुणसूत्र बिन्दु की स्थिति के आधार पर गुणसूत्र का वर्गीकरण किस रूप में होता है?

प्रश्न 17. वाष्पोत्सर्जन के दौरान रक्षक द्वार कोशिका खुलने एवं बंद होनें के क्या कारण हैं?

प्रश्न 18. उदाहरण के साथ व्याख्या करें– वृहत् पोषक, सूक्ष्म पोषक, हितकारी पोषक, आविष तत्व और अनिवार्य तत्व।

प्रश्न 19. प्रकाशीय और अप्रकाशीय अभिकिया में तीन अंतर लिखिये।

प्रश्न 20. पहाड़ पर चढ़ने वाले व्यक्ति की श्वसन प्रकिया पर क्या प्रभाव पडता है?

प्रश्न 21. प्रतिवर्ती किया को उदाहरण सहित समझाइये।

प्रश्न 22. यदि आहारनाल में पित्त का स्त्राव नहीं होगा तब क्या होगा?

प्रश्न 23. यदि मूलभूत लक्षण ज्ञात न हो, तो प्राणियों के वर्गीकरण में आप क्या परेशानियाँ महसूस करेगें?

अथवा

स्तनधारी वर्ग के जन्तुओं के 8 प्रमुख लक्षण लिखिये।

प्रश्न 24. शरीर में पाये जाने वाले कुछ परजीवियों के नाम लिखकर मानव शरीर में उनकी उपस्थिति दर्शाइये।

अथवा

संरचना तथा अनुवांशिक पदार्थ की प्रकृति के संदर्भ में वाइरस का संक्षिप्त विवरण दीजिए। वाइरस से होनें वाले कोई 4 रोगों के नाम लिखिये।

प्रश्न 25. दीप्तकालिता एवं बसंतीकरण क्या हैं? इनके महत्व का वर्णन कीजिए।

अथवा.

राइजोबियम के द्वारा वातावरणीय नाइट्रोजन स्थिरीकरण के क्या शर्तें हैं? तथा नाइट्रोजन स्थिरीकरण में इनकी क्या भूमिका है?

प्रश्न 26. निम्नलिखित संरचनाओं का संक्षेप में सचित्र वर्णन कीजिए–

01. मस्तिष्क

02. नेत्र

अथवा

मनुष्य में पाये जाने वाले किन्हीं पांच अन्तःस्त्रावी ग्रंथियों के नाम, स्त्रोत व हार्मोन्स के नाम तथा कार्य लिखिये।